C-226

# Munger University, Munger (Bihar)

{Estd in 2018 under Bihar State University (Amendment) Act.2016 (Bihar Act-1/2017)}

Administrative Block, Shastrinagar, Munger-811201

MUNGER UNIVERSITY मुंगेर विश्वविद्यालय

पत्रांक :– MUG/DSW/2157/25 दिनांक :– 18/12/25

## शुद्धि–पत्र

## सूचना

(1) सभी छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के अन्तर्गत स्नातकोत्तर शैक्षणिक **(सत्र 2025–27) सेमेस्टर–I में विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागों एवं स्नातकोत्तर केन्द्रों यथा आर0डी0 एण्ड डी0जे0 महाविद्यालय, मुंगेर, बी0आर0एम0 महाविद्यालय, मुंगेर, आर0एस0 महाविद्यालय, तारापुर, आर0डी0 महाविद्यालय, शेखपुरा, कोशी महाविद्यालय, खगड़िया, के0के0एम0 महाविद्यालय, जमुई, के0एस0एस0 महाविद्यालय, लखीसराय, एस0के0आर0 महाविद्यालय, बरबीघा, बी0एन0एम0 महाविद्यालय, बड़हिया,** में दिनांकः– 17/12/2025 एवं 18/12/2025 को ऑन स्पॉट नामांकन के लिए वेबसाईट का सर्वर डाउन होने के कारण आई समस्या को देखते हुए ऑन स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है तथा दिनांक 15/12/2025 एवं 16/12/2025 को जितने भी ऑन स्पॉट नामांकन के लिए नये आवेदन प्रपत्र भरे गये हैं उन सभी आवेदनों को रद्द करते हुए नामांकन फीस को छात्र/छात्राओं के बैंक खाता में वापस लौटा दिया जाएगा।

**(2) वैसे छात्र/छात्राएँ जिनका नाम प्रथम मेघा सूची (First Merit List), द्वितीय मेघा सूची (Second Merit List) एवं तृतीय मेघा सूची (Third Merit List) में नाम आया था परन्तु विद्यार्थी अपने निजी कारणों से नामांकन नहीं लिये, उन्हें पुनः नामांकन का मौका दिया जायेगा। ऐसे आवेदकों को नामांकन शुल्क 700/– (सात सौ) रुपये पुनः भुगतान करना होगा। भुगतान करने की तिथि दिनांकः– 20/12/2025 से 21/12/2025 अपराहण 03:00 बजे तक निर्धारित की जाती है। चौथी मेघा सूची में नाम आने पर ही नामांकन लिया जाएगा। पुनः नामांकन शुल्क भुगतान करने के लिए (www.mungeruniversity.ac.in) पर जा कर भुगतान करने के पश्चात् रसीद अवश्य निकाल लें। दिनांकः– 21/12/2025 को चतुर्थ मेघा सूची अपराहण 05:00 बजे मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के वेबसाईट (www.mungeruniversity.ac.in) पर प्रकाशित की जायेगी।**

**नोटः– चतुर्थ मेघा सूची (Fourth Merit List) के आधार पर छात्र/छात्राऐं पार्ट–III के टी0 आर0, अंक पत्र या वेब कॉपी के आधार पर नामांकन लेने की तिथि दिनांकः– 22/12/2025 से 24/12/2025 तक निर्धारित की जाती है। छात्र/छात्राएँ मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के वेबसाईट (www.mungeruniversity.ac.in) पर जा कर नामांकन शुल्क जमा कर रसीद अवश्य निकाल लें।**

**माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार,**

**ह0/–**
**(डॉ0 घनश्याम रॉय)**
**कुलसचिव**
**मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर**

**ज्ञापांकः–** MUG/DSW/2158-2169/25 **दिनांकः–** 18/12/25.

**प्रतिलिपि प्रेषितः–**

1. सभी संकायाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर,
2. प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य आर0डी0 एण्ड डी0जे0 महाविद्यालय, मुंगेर, बी0 आर0 एम0 महाविद्यालय, मुंगेर, आर0एस0 महाविद्यालय, तारापुर, आर0डी0 महाविद्यालय, शेखपुरा, कोशी महाविद्यालय, खगड़िया, के0के0एम0 महाविद्यालय, जमुई, के0एस0एस0 महाविद्यालय, लखीसराय, एस0के0आर0 महाविद्यालय बरबीघा, बी0एन0एम0 महाविद्यालय, बड़हिया,
3. प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर,
4. माननीय कुलपति/कुलसचिव महोदय के निजी सहायक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर,
5. परीक्षा नियंत्रक/कुलानुशासक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर,
6. जनसम्पर्क पदाधिकारी/मोनेट्रिंग सेल, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर,
7. सहायक, यू0 एम0 आई0 एस0,
8. बेवसाईट, विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

GS Roy 18/12/2025

(डॉ0 घनश्याम रॉय)
कुलसचिव
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर

Dr. Ghanshyam Roy
Registrar
Munger University, Munger-811201

18/12/25

Nitesh Kumar